
Dabang Dunia (Indore), 21th July 2024, Page- 02

# आईआईटी कैम्पस के पीएम केन्द्रीय विद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

## -ई-मेल में लिखा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का नाम

दबंग दुनिया ♦ इंदौर

इंदौर में सिमरोल स्थित आईआईटी कैंपस के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को 15 अगस्त पर बम से उड़ने का एक ईमेल मिला है। धमकी वाले इस ईमेल में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का नाम लिखा है। ईमेल स्कूल



प्रिंसिपल के ऑफिशियल आईडी पर शुक्रवार शाम 5:22 मिनट भेजा गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और स्टाफ को अलर्ट किया है। पुलिस ने कहा है कि स्टूडेंट और पेरेंट्स पैनिक न हों। विद्यालय के सिक्योरिटी ऑफिसर ने पुलिस को इस बारे में शिकायत दर्ज कराई है। एसपी ग्रामीण के निर्देश पर सिमरोल पुलिस ने केस दर्ज किया है। डीएसपी हेडक्वार्टर ग्रामीण उमाकांत चौधरी ने बताया कि मेल में 15 अगस्त के दिन स्कूल को बम से उड़ने की धमकी सहित कई अपशब भी लिखे हैं। फिलहाल आईआईटी परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी है। सभी विद्यार्थियों को अपना आईडी के साथ ही एंट्री दी जा रही है। वहीं अभिभावकों को गेट नंबर 2 के बाद आने की अनुमति नहीं है। मामले में शिकायत के बाद साइबर टीम भी जांच कर रही है।